Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 12-08-2005

Participants : Kumar Shri Shailendra

>

Title : Regarding the education being imparted to the students in the country.

MR. CHAIRMAN: Now, we will take up Special Mentions.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : सभापति महोदय, स्पेशल मैंशन पर आपने बोलने के लिए समय दिया इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। इस देश के भारतीय जनता पार्टी द्वारा शासित राज्यों के पाठयक्रमों का भगवाकरण किया जा रहा है। अभी कुछ दिनों पहले हमारे दल के सम्मानित उपनेता श्री रामजी लाल सुमन जी ने छत्तीसगढ़ का मामला उठाया था। उसी परिप्रेक्ष्य में मैं बताना चाहूंगा कि राजस्थान में...(व्यवधान)

श्री लक्ष्मण सिंह (राजगढ़) : यहां तो भारत का इतिहास बदला जा रहा है।...(व्यवधान)

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : महाराणा प्रताप के बारे में लिखना, क्या भगवाकरण है? राट्रीयता के बारे में लिखना, क्या भगवाकरण है?...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप बैठ जाइए। आपका समय भी आने वाला है।

श्री शैलेन्द्र कुमार : राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ग्यारहवीं कक्षा की सामाजिक शास्त्र की किताब जो कि इसी सत्र से लागू की गई है, उसके पेज नंबर 103 पर आप पढ़ ãÉå[MSOffice67]। उसमें इस्लाम धर्म को बदनाम किया गया है।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : माननीय सदस्य, बीच में टोका-टोकी मत कीजिए। जो असंगत बात होगी, उसे हम अपने आप एक्सपंज कर देंगे। बीच में टोका-टोकी करेंगे तो आपको बोलने का अवसर नहीं मिलेगा।

...(व्यवधान)

श्री शैलेन्द्र कुमार : उसमें यह बात कही गई है कि इस्लाम मानव स्वतंत्रता का विरोधी है।

दूसरी बात, उसमें आजादी के बारे में तमाम आपत्तिजनक बातें लिखी गई हैं, जो पढ़ने लायक नहीं हैं। हिन्दुओं में बाल विवाह, दास प्रथा, सती प्रथा और विधवा विवाह जैसी चीजें इस्लाम के प्रभाव से हैं, यह बात उसमें उल्लिखित है। इस्लाम धर्म मर्द को औरत से ज्यादा अधिकार देता है, यह बात भी उसमें लिखी हुई है। उस किताब में सिख धर्म को भी हिन्दुओं का व्यावहरिक रूप बताया गया है। सिख धर्म को मुसलमानों से हिन्दुओं की रक्षा के लिए बनाया गया है। किताब में यह भी उल्लिखित है कि राट्रीय स्वयंसेवक संघ से ही हमारे समाज में एकता, भाईचारा और देशभक्ति का संचार हुआ है।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : शैलेन्द्र जी, अब समाप्त कीजिए, आपको दो मिनट हो गए हैं।

...(व्यवधान)

श्री शैलेन्द्र कुमार : हिन्दु धर्मशास्त्र हर मां-बाप और लड़कियों को उचित आयु प्राप्त करते ही शादी करने का आदेश देता है। किसी पत्नी के मरते ही पति को दूसरा विवाह कर लेना चाहिए। जो लड़की शादी नहीं करती, उसे कभी स्वर्ग नहीं मिलता। हिन्दु विवाह का मकसद बेटे की प्राप्ति होता है और बेटा बाप को स्वर्ग के द्वार तक पहुंचाता है। उसमें इस तरह की बातें लिखी गई हैं।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप क्या कहना चाहते हैं, वह बताइए।

...(व्यवधान)

श्री शैलेन्द्र कुमार : राजस्थान में आपने एनसीईआरटी की किताब को लेकर कुछ दिन पहले हंगामा किया।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप किस बात पर सरकार का ध्यान आकृट करना चाहते हैं।

...(व्यवधान)

श्री शैलेन्द्र कुमार : मैं उसी बात पर आ रहा हूं।

वहां शिक्षा को राज्य का मामला बताकर सीबीएससी की किताब को भी खारिज किया गया। वहां के एकेडैमिक शिक्षाविद और समाजशास्त्रियों ने बताया है कि यह राजस्थान के लिए एकेडैमिक ट्रैजिडी है, खासकर जब वहां के शिक्षा मंत्री से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुझे इस बारे में कुछ नहीं पता और न ही उनका कुछ लेना-देना है, जबकि सैकंडरी एजूकेशन के चेयरमैन ने स्वीकार किया है कि...(व्यवधान)

इसमें क्या गलत है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Nothing will go on record except the version of Shri Ramji Lal Suman.

(Interruptions) ….*

श्री शैलेन्द्र कुमार : मैं मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि उसे तत्काल निकाला जाए और धर्म पर जो कुठाराघात हुआ है, उस बारे में आपको सोचना चाहिए।...(व्यवधान)